भारतीय गैर न्यायिक

भारत

दस रुपये रु.10

TEN RUPEES Rs.10

सत्यमेव जयते

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

16AE 400395

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

समक्ष,

श्रीमान महानिबन्धक

माननीय उच्च न्यायालय

इलाहाबाद।

महोदय,

<u>शपथ पत्र आराधना सिंह, अपर सिविल जज बस्ती।</u>

1. मैं सशपथ बयान करती हूँ कि मेरा **जी०ओ० कोड नंबर यू०पी० 3683** है तथा मैं वर्तमान में जनपद न्यायालय बस्ती में अपर सिविल जज जूनियर डिविजन न्यायालय संख्या 23 के पद पर कार्यरत हूँ। मेरा स्थानांतरण बीते वर्ष वार्षिक स्थानांतरण के अंतर्गत हुआ था।

2. मैं सशपथ बयान करती हूँ कि बीते वर्ष दिनांक 11.08.2023 को मैंने एक पुत्री को जन्म दिया है जिसकी आयु वर्तमान में मात्र 6 माह है। मेरी पुत्री को अत्यधिक देखभाल की आवश्यकता है जिसके लिए किसी परिवारजन का निरंतर हमारे साथ होना अनिवार्य है।

3. मैं सशपथ बयान करती हूँ कि मेरे पति दिल्ली एन सी आर में स्वयं का कारोबार करते हैं। मेरी ससुराल व गृह जनपद दोनों ही बस्ती से लगभग 750 कि०मी० की दूरी पर स्थित हैं। जिस कारण मेरे ससुरालजन व माता पिता का निरंतर बस्ती में बच्चे की देखभाल के लिए उपस्थित रहना संभव नहीं है।

भारतीय गैर न्यायिक

भारत

दस रुपये रु.10

TEN RUPEES Rs.10

सत्यमेव जयते

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

74AE 726413

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

4. मैं सशपथ बयान करती हूँ कि मेरी माताजी व मेरे पति की माता जी का स्वास्थ्य बढ़ती उम्र के कारण कुछ असहज रहता है। उपरोक्त दोनों का इलाज गृह के निकट चिकित्सकों की देख रेख में होता है जिस कारण वह मेरे साथ लंबे समय तक नहीं रह सकती।

5. मैं सशपथ बयान करती हूँ कि मैंने ऊपर बताए गए कारणों के आधार पर माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष समय पूर्व स्थानांतरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। मेरे द्वारा प्रार्थना की गई है कि मेरा स्थानांतरण एक ऐसे जनपद में कर दिया जाए जो मेरे पति के कारोबार के स्थान, ससुराल व गृह जनपद से निकट हो। जिससे मेरी पुत्री की सही देखभाल हो पाए व मैं अपना कार्य कुशलता से कर पाऊँ।

6. मैं सशपथ बयान करती हूँ कि शपथ पत्र के पैरा 1 लगायत 5 में लिखी गयी समस्त बातें सही व सत्य हैं, इसमें कोई भी बात झूठी अथवा छिपाई नहीं गयी है। ईश्वर मेरी मदद करें।

दिनांक 28.02.2024

शपथकर्ता

Aradhna

(आराधना सिंह)
अपर सिविल जज जू०डि०
कोर्ट सं० 23, बस्ती।